मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-187
09/04/2021

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

- कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ टीकाकरण कार्य में और तेजी लायें।
- कोरोना संक्रमण का फैलाव को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट और एक्टिव रहे।
- 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाले विशेष टीकाकरण अभियान के दौरान राज्य में प्रतिदिन 4 लाख टीका लगाने का लक्ष्य रखें।
- अनुमंडल स्तर पर क्वारंटाइन सेंटर के व्यवस्था की तैयारी रखें।
- कोरोना संक्रमण के फैलाव को देखते हुए आपदा प्रबंधन समूह सभी स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान 18 अप्रैल तक बंद रखें।
- सार्वजनिक स्थलों पर सरकारी एवं निजी कार्यक्रमों पर रोक लगायें ताकि संक्रमण का खतरा कम से कम हो।
- लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क और सजग करते रहना होगा।
- लोग मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें।

पटना, 09 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने राज्य में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। उन्होंने एक्टिव केसेज, प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर जांच की संख्या, रिकवरी रेट,

कुल जांच, आर0टी0पी0सी0आर0 जांच एवं किये जा रहे टीकाकरण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण का फैलाव राज्य में बढ़ने लगा है, कोरोना संक्रमितों की संख्या भी बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट और एक्टिव रहे। कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ टीकाकरण कार्य में और तेजी लायें। कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों में सारी तैयारी पूर्ण रखें। आवश्यकतानुसार अनुमंडल स्तर पर क्वारंटाइन सेंटर की व्यवस्था तैयार रखें। उन्होंने कहा कि कल प्रधानमंत्री जी के साथ कोविड–19 को लेकर सभी राज्य के मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई थी जिसमें कई बातों की चर्चा हुई थी। प्रधानमंत्री जी ने 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाने की बात कही है। 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की जयंती है, जबकि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी की जयंती है। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि विशेष टीकाकरण अभियान के दौरान राज्य में प्रतिदिन 4 लाख टीका लगाने का लक्ष्य रखें। प्रधानमंत्री जी ने राज्यपाल के स्तर पर सर्वदलीय बैठक की भी बात कही है। हमलोग इस संबंध में राज्यपाल महोदय से संपर्क कर जल्द से जल्द सर्वदलीय बैठक आयोजित करने का आग्रह करेंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि कोरोना संक्रमण के फैलाव को देखते हुए आपदा प्रबंधन समूह सभी स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान 18 अप्रैल तक बंद रखें। सार्वजनिक स्थलों पर सरकारी एवं निजी कार्यक्रमों पर रोक लगायें ताकि संक्रमण का खतरा कम से कम हो। लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क और सजग करते रहना होगा। लोग मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें। लोग सचेत और सजग रहेंगे तो संक्रमण का खतरा कम से कम होगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री संजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय श्री जितेन्द्र कुमार, गृह सचिव श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******